Title: Need to provide more facilities at Chaibasa, Nawamundi and Badajamda railway stations falling between Howrah and Badbil -- Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : अध्यक्ष महोदय, हावड़ा से बडबिल तक जन्म शताब्दी रेल सेवा चल रही है। इस रेल सेवा पर पड़ने वाले चाईबासा, नवामुंडी एवं बड़ाजामदा रेलवे स्टेशनों पर एक-एक तरफ शैड है, जिसके कारण रेल सेवा को पकड़ने के लिए रेलवे लाईन पार करना पड़ता है क्योंकि रेल के आने से पहले यात्री शैड के अंदर बैठे होते हैं। रेल के आने के बाद तुरंत वे दूसरे प्लेटफार्म की तरफ भागते हैं, जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है। दोनों रेलवे स्टेशन पर अच्छी संख्या में यात्री चढ़ते और उतरते हैं। इन स्टेशनों पर ओवरब्रिज भी बनना चाहिए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों रेलवे स्टेशनों की रेल लाइनों के दोनों तरफ शैड बनवाने की कृपा करें एवं ऊपरी पुल का निर्माण शीघ्र किया जाये।